शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक :13.09.2024

थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे को 02 घण्टे के अन्दर उनके परिजनो को तलाश कर सकुशल किया सुपुर्द, परिजनो ने पुलिस का किया धन्यवादः-

श्री मनोज कुमार अवस्थी,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, एवं श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय के कुशल प्रयवेक्षण मे बच्चे को 02 घण्टे के अन्दर उनके परिजनो को तलाश कर सकुशल सुपुर्द करने मे जलालाबाद पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 13.09.2024 को समय करीब 02.00 बजे एक बच्चा जिसकी उम्र लगभग 05 वर्ष है जो वारह पत्थर के पास अकेला खड़ा था और रो रहा था बच्चे के पास भीड भाड हो रही थी , तभी वही पर क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे उ0नि0 श्री सचिन भारती , मय म0उ0नि0 कनक लता वहां पर पहुंचे और उस बच्चे को गोद में लेकर शान्त कराया , उस बच्चे से काफी पूछताछ की गयी परन्तु वह बच्चा बोल नहीं पा रहा था उक्त बच्चे को गोद मे लेकर शान्त कराकर थाने पर लाकर बाल कल्याण हेल्प डेक्स पर बच्चे को बैठाकर खाने के लिए चोकलेट/बिस्कुट देकर बच्चे के साथ बातचीत की गयी फिर भी वह बच्चा कुछ नहीं बता पाया। थाने पुलिस द्वारा बनाये गये ग्रुप व ग्राम प्रधान को सूचना दी गयी तथा पत्रकारों के माध्यम से उपरोक्त बच्चे के फोटो डलवाकर क्षेत्र में जानकारी करायी गयी। कुछ समय वाद बच्चे के माता पिता बच्चे की तलाश करते हुए थाने पर आये। अपने माता पिता व परिजनो को देखकर बच्चा अपने माता पिता के पैरो पर लिपट गया तथा माता पिता ने उठाकर अपने बच्चो को सीने से लगा लिया तथा बताया कि साहब हमारे घर पर शादी का प्रोग्राम था , हमारा बच्चा अन्य बच्चों के साथ घर से निकल आया था हमारे द्वारा इसकी काफी तलाश की गयी , फिर भी हमें कोई जानकारी नहीं मिली , कुछ समय बाद हमे जानकारी हुई कि एक बच्चा थाना जलालाबाद पर है जिसकी उम्र लगभग 04-05 वर्ष है तो हम लोग उसकी तलाश करते हुआ थाने पर आये। पुलिस द्वारा बच्चे का सुपुर्दगीनामा तैयार कर समक्ष गवाहन परिजनो के सकुशल सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर बच्चे की माता व पिता व अन्य परिजनो ने खुश होते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया तथा भूरी भूरी प्रशंसा की।

बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. श्री प्रदीप कुमार राय प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
2. रि0 उ0नि0 श्री सचिन भारती थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
3. म0उ0नि0 कनक लता थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
4. म0का0 1695 सुनीता थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर